# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

## 26/11/2020

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**United, Prayagraj (U.P)**

# साइक्लॉथन से मिला स्वास्थ्य व पयार्वरण की सुरक्षा का संदेश




प्रयागराज, २५ नवम्बर। फिट इण्डिया की मुहीम के अन्तर्गत नई दिल्ली ओआरबीओ एम्स द्वारा वर्चुअल साइक्लॉथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फाफामऊ स्थित १०१ द्रुत कार्य बल के कमाण्डेंट आर के निगम के मार्गदर्शन में वाहिनी की टीम द्वारा साइकिल रैली साइक्लॉथन निकाली गयी। इस रैली का शुभारंभ १०१ वाहिनी के मुख्य चिकित्साधिकारी कुन्दन कुमार सिंह द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया। यह रैली १०१ आरएएफ कैम्प परिसर में समाप्त हुई। इसमें बल के कार्मिकों को उचित कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए स्वसथ्य रखने और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए साइकिलिंग की उपयोगिता का संदेश दिया। इस अवसर पर अमित शर्मा उप कमाण्डेंट, बृजेश कुमार दुबे उपकमांडेंट, प्रदीप पाठक, विजय बहादुर रजक समेत बड़ी संख्या में लोगों ने भागीदारी की।

**Patrika, Jaipur (R.J)**

## कोविड-19 के बारे में भी ग्रामीणों को किया जागरूक

# 'अंगदान से बड़ा कोई पुनीत कार्य नहीं बच सकती हैं कई लोगों की जिंदगियां'

### शहीद स्मारक पर की पुष्पांजलि

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बांसखोह.** अपना शरीर छोड़ने पर मनुष्य अंगदान कर दूसरे व्यक्ति को जीवनदान दे सकता है। ग्राम पंचायत खोरी के मालीहाला गांव में मंगलवार को 83 बटालियन द्रुत कार्य बल/केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल लालवास जयपुर के तत्वाधान में अंगदान एवं कोविड-19 पर आयोजित कार्यक्रम में कमाण्डेन्ट प्रवीण कुमार सिंह ने यह बात कही। कमाण्डेन्ट ने कहा कि एक अंगदाता का मृत शरीर 50 लोगों का जीवन बचा सकता हैं। इस दौरान कमाण्डेन्ट ने कोरोना महामारी के बचाव के लिए सामाजिक दूरी का पालन एवं मास्क के सही इस्तेमाल के लिए जागरूक किया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की ओर से स्थानीय लोगों को कोरोना से बचाव के लिए मास्क, सैनेटाइजर, ग्लब्स वितरित किये। उल्लेखनीय हैं कि द्रुत कार्य बल ने मालीहाला गांव को गोद लिया हैं। अब इस गांव में सीआरपीएफ की ओर से आये दिन आये सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्य कराए जाएंगे। गत दिनों शिक्षा को लेकर निबंध एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया।



लोगों को मास्क, सैनेटाइजर एवं ग्लब्स वितरित करते हुए।

### पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद का किया सम्मान

इससे पूर्व कमाण्डेन्ट एवं अन्य अधिकारियों एवं जवानों ने बांसखोह कस्बे में शहीद अशोक वर्मा मूर्ति स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस दौरान शहीद स्मारक के पास पौधरोपण कार्यक्रम किया। कार्यक्रम के दौरान सहायक कमाण्डेन्ट विकास जाखड़, नन्दलाल मीना, निरीक्षक अजीतसिंह, बांसखोह सरपंच सुमन शर्मा, खोरी सरपंच प्रतिनिधि महेश मीना, पूर्व सरपंच मंगलाराम मीना, सेवानिवृत कर्मचारी बद्रीनारायण मीना, वार्ड पंच सीताराम पंचोली, महेश मीना खोरी, सियाराम भारद्वाज, पूर्व उपसरपंच राजेश महंत, चिरंजीलाल पिंगोलिया, बिहारीलाल सैनी, कैलाशचन्द मीना, राजू मीना उगावास, रामेश्वर परेवा, कैलाश परेवा आदि मौजूद थे।



मालीहाला में कमाण्डेन्ट लोगो को अंगदान एवं कोविड-19 पर जागरूक करते हुए।

### 250 जवानों ने कराया अंगदान के लिए पंजीकरण

मालीहाला राप्रावि में आयोजित कार्यक्रम में सहायक कमाण्डेन्ट नन्दलाल मीना ने बताया कि 2016 में कमाण्डेन्ट प्रवीण कुमार सिंह ने पूरे शरीर का अंगदान किया था। इसी से प्रेरित होकर लालवास में 250 जवानों ने भी अंगदान के लिए गत दिनों ऑनलाइन पंजीकरण कराया हैं। सहायक कमाण्डेन्ट ने बताया कि आगामी दिनों में मालीहाला गांव में गरीब एवं असहाय बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जायेगा।

Bhaskar News, Jaipur (R.J)

# एक व्यक्ति के अंगदान से कई परिवारों को मिलता है नया जीवनदान : कमांडेंट

## शहीद अशोक वर्मा स्मारक पर किया पौधरोपण, मास्क व सेनिटाइजर बांटे

भास्कर न्यूज़ | बांसखो

देश में बहुत कम लोग अंगदान करते है। अगर अंगदान की भावना को बढ़ाया जाए तो हजारों लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। अंगदान के लिए लोगों को प्रेरित करते हुए यह बात मालीहाला गांव के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में विशेष दर्जा प्राप्त रैपिड एक्शन फोर्स की 83वीं बटालियन कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह ने अंगदान व कोविड-19 जागरूकता कार्यक्रम के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि अंग शरीर के संचालन में एक विशेष भूमिका निभाता हैं। जैसे हृदय, गुर्दे, आंत, दिल, यकृत, आंखें आदि। वे रोगी जो अंग खराब होने के कारण अंग विफलता के अंतिम चरण में है, अंगदान उनके लिए उम्मीद की किरण है, इसलिए हमें समाज में अंगदान के प्रति वातावरण निर्माण करना चाहिए। देश में हजारों लोग इसलिए मर रहे है कि उनके शरीर का अंग खराब होने के बाद बदलने के लिए दूसरा अंग नहीं मिलता हैं। ऐसे में कुछ लोग भी अंगदान के लिए तैयार हो जाते हैं तो हम हजारों लोगों को जीवन दे सकते हैं, जो हम जीते जी नहीं कर सकते वो मरणोपरांत इतना बड़ा परोपकार कर सकते है। जीवन देना हमारे हाथों में नहीं हैं लेकिन हम अंगदान के तरीके से किसी को नया जीवन दे सकते है।

सहायक कमांडेंट नंदलाल मीना ने कहा कि रैपिड एक्शन फोर्स लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित कर रही है। कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह ने 2016 में सम्पूर्ण शरीर का अंगदान करने से प्रेरित होकर 83वीं बटालियन के करीब 400 जवानों ने मरणोपरांत अंगदान का संकल्प लिया। खोरी सरपंच सुनीता मीना व बांसखो सरपंच सुमन शर्मा ने विचार व्यक्त किए। मंच संचालन सियाराम भारद्वाज ने किया।



ग्रामीणों को मास्क व सेनिटाइजर बांटते हुए।

इससे पूर्व बटालियन के जवानों ने बांसखो स्थित शहीद अशोक वर्मा स्मारक पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर वृक्षारोपण किया। सहायक कमांडेंट विकास जाखड़, बद्रीनारायण मीना, राजेश महंत, महेश कुमार मीना, सीताराम पंचौली, रामजीलाल सैनी, मंगलाराम मीना, कैलाश परेवा आदि मौजूद थे।

### कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए फिलहाल मास्क ही वैक्सीन

कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह ने देश में कोरोना वैश्विक महामारी के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि जब तक कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए वैक्सीन नहीं आ जाती तब तक मास्क से ही इस महामारी से हम सब को लड़ना होगा। हमारी जागरूकता ही मानव जाति को इस बीमारी के संक्रमण से बचा सकती हैं। उन्होंने लोगों को कोरोना महामारी से बचाव के लिए मास्क पहनने, सोशल डिस्टेन्सिंग की पालना करने तथा बार-बार साबुन या सेनिटाइजर से हाथ धोने, भीड़-भाड़ वाले इलाकों से दूर रहने, खांसते या छींकते समय नाक व मुंह को रुमाल या मास्क पहनने के लिए जागरूक किया। रैपिड एक्शन फोर्स की ओर से लोगों को मास्क सेनिटाइजर व दस्तानों का वितरण किया गया।

# Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF







सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।